क्या गर्भावस्था के दौरान आनुवांशिक परीक्षण के कोई जोखिम है ?

सबसे पहले ये बात समझना महत्वपूर्ण है कि आनुवांशिक परीक्षण कराना आपका अपना फैसला है। इसलिए, यदि आप सोच रही हैं कि आनुवांशिक परामर्श से क्या कोई जोखिम होता है या नहीं, तो आपको बता दें कि इससे शारीरिक तनाव के मुकाबले भावनात्मक तनाव अधिक होता है। क्योंकि बच्चे में किसी आनुवांशिक रोग का पाया जाना आपके लिए बेहद निराशाजनक और मुश्किल हो सकता है, जो आपके शिशु के जीवन को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकता है।

जहाँ कुछ माता–पिता आनुवांशिक विकार के बारे में जानकर अपने शिशु के लिए बेहतर कदम उठाने की तैयारी करते हैं, वहीं दूसरी ओर, अन्य माता–पिता गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए इसके बारे में जानना चाहते हैं।

हालांकि, कुछ माता–पिता ऐसे भी हैं जो यह जानना ही नहीं चाहते हैं कि उनके शिशु को कोई आनुवांशिक विकार है या नहीं। आनुवांशिक परामर्श के लिए जाना है या नहीं, ये बात पूरी तरह से माता–पिता पर निर्भर करती है। 'आपको आनुवांशिक परीक्षण के लिए जाना है या नहीं, यह पूरी तरह से आपका निर्णय है।

हालांकि, यदि आपको लगता है कि आपको या आपके साथी को, किसी भी प्रकार का कोई आनुवांशिक विकार हो सकता है, तो इसकी बेहतर जानकारी प्राप्त करने और अपने शिशु को जटिलताओं से बचाने के लिए आप अपने डॉक्टर से बात करें।

सत्यमेव जयते
क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
टोल फ्री नं.: 1800-11-2526 • मेडिकल हेल्पलाईन नं. : 1800-11-3839
www.esic.nic.in, www.esic.in www.facebook.com/esichq @esichq

गर्भाधारण से पहले आनुवांशिक परीक्षण

से जुड़ी जानकारियाँ

सत्यमेव जयते
क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार)